उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या-88 /15/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2023 /03-परीक्षा/2023

लखनऊ : दिनांक : 25 अक्टूबर, 2023

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-03-परीक्षा/2023, दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2022)/03 के अंतर्गत महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें के नियंत्रणाधीन दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी (डेन्टल हाईजिनिस्ट) के कुल रिक्त 264 (सामान्य चयन)+ 24 (विशेष चयन)=288 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

तदनुक्रम में उक्त विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी (डेन्टल हाईजिनिस्ट) के 288 पदों पर चयन के लिये प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2022 के स्कोर में वास्तविक (Absolute) स्कोर अथवा नार्मलाइस्ड (Normalised) स्कोर में शून्य या उससे कम /नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट न करते हुये, उपलब्धता की सीमा तक 535 अभ्यर्थियों का परिणाम, मा0 आयोग के निर्णय दिनांक 25.10.2023 द्वारा मुख्य परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु अनुमोदित किया गया है।

उक्त के क्रम में समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in के Homepage पर उपलब्ध लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

उपर्युक्त मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए शुल्क जमा करने व परीक्षा की तिथि व कार्यक्रम के सम्बन्ध में वेबसाइट के माध्यम से यथासमय पृथक से सूचित किया जाएगा।

25/10/23

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।